मेरा सुखी रहे परिवार-माता

मेरा सुखी रहे परिवार, माता कृपा करो ,
हमे मिलता रहे तेरा प्यार, माता कृपा करो ,

सब की रक्षा करने वाली, मेरी रक्षा करना,
कारोबार चलाना मेरा, सदा भंडारे भरना ,
मेरा खिला रहे गुलज़ार, माता कृपा करो ,
*हमे मिलता रहे तेरा प्यार, माता कृपा करो ,

सदा करूँ गुणगान मैं तेरा, ऐ माता महाँरानी,
वर मांगूँ संगीत का तुझसे, वर दे दो वरदानी,
मेरी भेंट करो स्वीकार, माता कृपा करो ,
*हमे मिलता रहे तेरा प्यार, माता कृपा करो ,

तूँ ही काली तूँ ही दुर्गा, तूँ ही मात ज्वाला,
ज्ञान की ज्योत जगा दो अम्बे, मन में करो उजियाला ,
अब दूर करो अँधकार, माता कृपा करो ,
हमे मिलता रहे तेरा प्यार, माता कृपा करो ,

करूँ मैं सेवा तेरे दर की, बनके दास माँ तेरा,
दुःख निवारणी नाम है तेरा, काटो संकट मेरा,
मुझे रख लो सेवादार, माता कृपा करो ,
हमे मिलता रहे तेरा प्यार, माता कृपा करो,

अपलोडर- अनिलरामूर्तीभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21849/title/mera-sukhi-rahe-parivar-mata

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |